वोकेशनल कोर्स करने वालों के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

■ प्रस, गुड़गांव

नैशनल वोकेशनल एजुकेशनल क्वॉलिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनवीईक्यूएफ) के तहत पासआउट स्टूडेंट्स को अब रोजगार भी मिलेंगे। इसकी शुरूआत कर ली गई है। नैशनल स्किल डेवलपमेंट काउंसिल जल्द ही (एनएसडीसी) के सहायोग से इसे और अधिक बड़ा किया जाएगा, ताकि इसमें अधिक से अधिक कंपनियां हिस्सा ले सकें और स्टूडेंट्स को बेहतरीन रोजगार के ऑफर मिलें। एनवीईक्यूएफ के तहत वोकेशनल कोर्स के 4 ट्रेड शुरू किए गए थे। इनमें से स्कूलों को दो ट्रेड चलाने थे। पिछले दिनों मॉडल संस्कृति स्कूल में कुछ कंपनियां बच्चों के सिलेक्शन के लिए आई थीं। कुल 12 बच्चों ने इंटरव्यू दिए। स्कूल प्रिंसिपल सुरेंद्र वर्मा के अनुसार, सिलेक्शन तो सभी बच्चों का हो गया था लेकिन 4 बच्चे अंडर ऐज थे, जिसकी वजह से उन्हें जॉब नहीं मिल पाई। ये बच्चे विभिन्न स्कूलों में आईटी, रिटेल, सिक्युरिटी व ऑटोमोबाइल के कोर्स बच्चे कर चुके हैं। अब एनएसडीसी ने ऐसे बच्चों को रोजगार देने की यह पहल की है। एनवीईक्यूएफ के अतिरिक्त निदेशक के. के. अग्निहोत्री ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने इन कोर्सेज के चारों लेवल पूरे कर लिए हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष से ऊपर है उन्हें रोजगार दिया गया है।